दिन— सोमवार दिनांक— 26 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. भागलपुर, कटिहार, खगड़िया और मुंगेर के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नही। कई नई इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

03. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मध्य रात्रि में आयोजित होगा जन्मोत्सव।

04. और, आरबीआई ने कहा—यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस के जरिये बैंकों से ऋण भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाया जायेगा।

————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात में सुधार नही है। विभिन्न जिलों के नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया। भागलपुर, कटिहार, मुंगेर, खगड़िया जिले में दियारा और निचले इलाकों में बड़ी संख्या में लोगों को पलायन करना पड़ा है। भागलपुर जिले में विभिन्न प्रखंडों के कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इन इलाकों में सड़कों और रेललाइन पर भी पानी का दबाव बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

इधर, कटिहार जिले में गंगा, कोसी, और महानन्दा नदी में उफान से बाईस पंचायत के तिरपन गांव बाढ़ से प्रभावित है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

वहीं, खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंडक, कोसी और गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ की स्थिति में सुधार नही।

———बाईट———

————————————————————————

नेपाल से निकलने वाली विभिन्न नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में वर्षा के कारण सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक, बागमती समेत

विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढोतरी दर्ज की गई है। गंगा नदी का जलस्तर भी पटना, मुंगेर, भागलपुर, कहलगांव समेत विभिन्न स्थानों पर बढ़ रहा हैं। कई स्थानों पर नदी का जलस्तर लाल निशान के ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगाबाद, रोहतास, भभुआ समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक तिरपन मिलीमीटर वर्षा औरंगाबाद में दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज बांका, जमुई, औरंगाबाद, गया, भागलपुर, मुंगेर और नवादा जिलों में भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर मेर्घगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————————

मधुबनी के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही गांव में बछराजा नदी में स्नान के दौरान दो युवतियां डूब गई। एक युवती का शव बरामद किया गया है। जबकि दूसरे की तलाश जारी है। इधर, गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंजा बोल्डर के पास गंडक नदी में स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गये। सदर एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की मदद से इनकी खोजबीन की जा रही है। वहीं, बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत लवहरचक गांव में एक जलाशय में सेना में कार्यरत एक जवान की डूब कर मौत हो जाने की आशंका है। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है।

———————————————————————

पटना में डेंगू के आज पांच नये मामले दर्ज किये गये हैं । इस महीने डेंगू से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 167 हो गयी है। पिछले वर्ष पटना में डेंगू के साढे आठ हजार से अधिक मामले सामने आये थे । जिला प्रशासन ने डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है । जिलाधिकारी डॉ

चंद्रशेखर सिंह ने लोगों से अपने घरों में पानी जमा नहीं होने देने और साफ सफाई रखने की अपील की है । इसके अलावा जिले के अस्पतालों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में प्लेटलेट्स पर्याप्त मात्रा में की व्यवस्था है तथा आवश्यकता होने पर रोगियों को उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने लोगों से भयभीत नहीं होने की अपील की है ।

———————————————————————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

इस अवसर पर राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि श्रीमद् भगवत गीता का उपदेश जीवन प्रबंधन का महानतम् दर्शन है और हमे इसका अनुसरण करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि इस अवसर पर लोग श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके कर्मयोग के उपदेश को आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं।

———म्यूजिक———

जन्माष्टमी का उत्साह और उमंग भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में देखते ही बन रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मथुरा और वृंदावन में देश–विदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं।

———————————————————————

ईमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की शहादत की याद में आज चेहल्लुम पूरी श्रद्धा और पारम्परिक विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। पटना सिटी में अकीदतमंदो ने अलम जुलूस निकाला और शहादत को याद

किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हजरत ईमाम हुसैन और करबला के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। श्री दास ने बेंगलुरु में एक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस—यूएलआई प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान की मौजूदा व्यवस्था से धन का त्वरित और सुरक्षित हस्तांतरण होता है। श्री दास ने कहा कि यूएलआई को जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

———बाईट———

———————————————————————

दानापुर रेल मंडल के ग्यारह हजार कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि इस नई पेंशन योजना में कर्मियों के लिए कई कल्याणकारी प्रावधान किए गए है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉक्टर शमिका रवि ने कहा है कि दो हजार पाँच से पहले बिहार की आर्थिक प्रगति की दर बहुत कम थी और इसे नकारात्मक रूप में दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के विकास पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा आज राजभवन में बजट परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए डॉक्टर रवि ने कहा कि वर्तमान समय में बिहार प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

इससे पहले राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने परिचर्चा का उद्घाटन किया। इसमें राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने भी भाग लिया।

———————————————————————

लखीसराय के जिलाधिकारी रजनीकान्त ने स्वैच्छिक सेवानिवृति–वीआरएस ले ली है। इस संबंध में कल उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा था। विभाग ने उनको आवेदन को स्वीकृति दे दी है। आज सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैगम्बरपुर गांव में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण में नरकटियागंज के शिकारपुर में फर्जी आंगनबाड़ी केन्द्र चलाकर महिलाओं के साथ ठकी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

गया जिले के वजीरगंज में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधियों के पास से एक राइफल, बारह देशी करबाईन, कारतूस और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के चुटिया थाना अंतर्गत एक बाइक और ऑटो के आमने–सामने के टक्कर में दो युवक की मौत हो गई।

———————————————————————

01. भागलपुर, कटिहार, खगड़िया और मुंगेर के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नही। कई नई इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

03. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मध्य रात्रि में आयोजित होगा जन्मोत्सव।

04. और, आरबीआई ने कहा–यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस के जरिये बैंकों से ऋण भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाया जायेगा।

———————————————————————

समाप्त